# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था
# Atomic Energy Education Society
# कार्यपत्रक / Worksheet (2025-26)

**कक्षा/Class- 7 विषय/Subject - हिंदी माह/Month- अगस्त अंक/Marks 40**

**दिया गया पाठ्यक्रम/Portion Covered -पाठ -2 तीन बुद्धिमान**

**विद्यार्थी का नाम/Name of the student ------------------------**

**अनुक्रमांक/Roll No.-----कक्षा/अनुभागClass/sec.--दिनांक /Date------**

-------------------------------------------------------------------------------

प्र०1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए - 10

1. कहानी में निर्धन व्यक्ति के कितने पुत्र थे ?
2. निर्धन व्यक्ति ने अपने पुत्रों से क्या इकट्टा करने के लिए कहा?
3. वे लोग काम की तलाश में लगातार कितने दिन चलते गये ?
4. सबसे बड़े भाई ने धरती पर देखकर क्या कहा ?
5. ''ऊंट एक आँख से देख नहीं पाता |'' यह बात किसने कही ?
6. सबसे छोटे भाई ने क्या कहा ?
7. खोई हुई चीज को कौन खोज रहा था ?
8. घुड़सवार ने राजा से क्या शिकायत की ?
9. तीनों भाइयों ने राजा के सामने क्या कहा ?
10. राजा ने किसके कान में फुसफुसाया ?

प्र०2 . बुद्धि से जुड़े पाँच शब्द सोचकर लिखो - 5

प्र० 3. कोष्टक में दिए गये कारक लिखकर वाक्यों के रिक्तस्थान पूरे कीजिए - 8

(ने,को,पर,से,के द्वारा ,का,में,के लिए ,की,के ,हे,हो,अरे )

१.हमने तो तुम्हारे ऊँट ---- देखा तक नहीं ,भाइयों ------ परेशान होते हुए कहा |

२.मै अपने रेवड़ो ----- पहाड़ों ------ लिए जा रहा था ,उसने कहा - '' और मेरी पत्नी मेरे छोटेसे बेटे ----- साथ एक बड़े ऊँट -----मेरे

पीछे -पीछे आ रही थी |''

३. राजा ---- उसी समय अपने मंत्री ---- बुलाया और उसके कान ---- कुछ फुसफुसाया |

४.यह सुनकर राजा ------ पेटी ------- पास लाने ----- आदेश दिया | सेवकों ------- तुरंत आदेश पूरा किया | राजा ---- सेवकों ----- पेटी खोलने ----- लिए कहा |

प्र०4. घुड़सवार सवार ने अपने ऊँट को खोजने के लिए उपाय किए |

आप भी अपने ऊँट को खोजने के लिए पोस्टर तैयार कीजिए, जिसे शहर में चिपकाना चाहते हैं | एक सूचना- पत्र तैयार कीजिए| 4

प्र०5.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों में लिखिए - 8

क.तीनों भाइयों ने बिना ऊँट को देखे उसके विषय में कैसे बता दिया ?

ख. लोककथा में राजा ने पहले भाइयों पर संदेह किया लेकिन बाद में उन्हें निर्दोष माना | राजा की सोच क्यों बदल गई ?

ग. आप इस लोककथा के भाइयों की किस विशेषता को अपनाना चाहेंगे और क्यों ?

घ.ऊँट के स्वामी ने भाइयों पर तुरंत संदेह क्यों किया ? आपके विचार से उसे क्या करना चाहिए ?

प्र०6.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अनुमान और कल्पना से दीजिये – 5

क. यदि राजा ने बिना जाँच के भाइयों को दोषी ठहरा दिया होता तो इस लोककथा का परिणाम क्या होता?

ख. लोककथा में यदि तीनों भाई ऊँट को खोजने जाते तो उन्हें कौन-कौन सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता ?